संकल्प | साईकिल रैली में दिखा उत्साह, शहर को स्वच्छता में शिखर पर पहुंचाने लिया गया संकल्प

# देश की आर्थिक तरक्की में योगदान देने दिया संदेश





**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत संस्कारधानी जबलपुर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के लिए रविवार को एक ऐतिहासिक और ऊर्जावान शुरुआत हुई। रविवार सुबह 6:30 बजे नगर निगम मुख्यालय से महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की अगुवाई में एक विशाल स्वच्छता साइकिल रैली निकाली गई, जिसका समापन सिविल लाइन स्थित सतपुड़ा क्लब के सामने हुआ। यहां पर नागरिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी थी।

महापौर ,निगमाध्यक्ष रिकुंज विज एवं निगमायुक्त ने इस मौके पर स्वयं मिसाल पेश करते हुए न केवल साइकिल चलाई, बल्कि हाथों में झाड़ू थामकर स्वच्छता श्रमदान भी किया। साथ ही उन्होंने शहर की सुंदरता को चार चांद लगाने के लिए दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग भी बनाई। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशव्यापी आह्वान के अनुरूप साइकिल रैली के माध्यम से ईंधन बचाने, प्रदूषण कम करने और देश की आर्थिक तरक्की में योगदान देने का संदेश दिया गया गया।

### न गंदगी करेंगे, न करने देंगे का महासंकल्प

साइकिल रैली के समापन के गरिमामयी अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उपस्थित सभी जनों और शहर के नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जबलपुर हमारा घर है और इसे स्वच्छ रखना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। हम संकल्प लेते हैं कि न खुद गंदगी करेंगे और न ही किसी को करने देंगे।





## जस्टिस हिरदेश और जस्टिस बिनोद द्विवेदी को दी गई विदाई

**जबलपुर, नवभारत।** मप्र उच्च न्यायालय में दो जजों को फुल कोर्ट विदाई दी गई। जस्टिस हिरदेश और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी का रिटायरमेंट समर वेकेशन के दौरान होना है। इसी वजह से उन्हें वेकेशन की शुरुआत से पहले ही विदाई दी गई। समारोह में उनके कार्यकाल की सराहना की गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने दोनों जजों के कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों न्यायाधीशों ने न्यायिक मूल्यों को मजबूत किया है। उनके फैसलों ने न्याय व्यवस्था को नई दिशा दी है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में कई बार भावुक पल भी देखने को मिले।

रिटायरमेंट समारोह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित हुआ। दोनों जजों के रिटायर होने के बाद उच्च न्यायालय में कुल 39 जज बचेंगे, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या 53 है। जल्द ही नए जज मिलने की संभावना है।

### जज और वरिष्ठ वकीलों की रही मौजूदगी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्यपीठ जबलपुर के कोर्ट रूम नंबर एक में दोपहर 3:30 बजे से आयोजित फुल कोर्ट विदाई समारोह में ग्वालियर खण्डपीठ में पदस्थ जस्टिस हिरदेश और इन्दौर बेंच में पदस्थ जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी को विदाई दी गई। समारोह में जजों और वरिष्ठ वकीलों की मौजूदगी रही। पूरे कार्यक्रम को गरिमामय माहौल में संपन्न किया गया।

## जबलपुर मंडल में शपथ ग्रहण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल द्वारा 15 मई से 05 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जबलपुर मंडल में नोडल ऑफिस ईएनएचएम सेल, यांत्रिक विभाग के माध्यम से प्रतिदिन आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जबलपुर मंडल के विभिन्न विभागों द्वारा जबलपुर, कटनी, न्यू कटनी, सतना, रीवा, दमोह एवं पिपरिया स्टेशनों पर शपथ ग्रहण समारोह एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक एवं पर्यावरण-अनुकूल उपाय अपनाने की सलाह दी गई। कर्मचारियों को दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, ऊर्जा एवं जल संरक्षण को अपनाने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सभी को कचरे को निर्धारित स्थान अथवा डस्टबिन में ही डालने हेतु समझाइश दी गई तथा स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

### क्लाइमेट चेंज है थीम

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम क्लाइमेट चेंज- फोकसिंग ऑन द चैलेंजेज पोज़्ड बाय मदर अर्थ पर निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से पृथ्वी के समक्ष उपस्थित पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।पश्चिम मध्य रेलवे का जबलपुर मंडल पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति सतत रूप से प्रतिबद्ध है तथा अभियान अवधि में विभिन्न जन-जागरूकता एवं हरित पहल कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा।


## सेवा, संवेदना और स्वास्थ्य का संगम, नि :शुल्क स्वास्थ्य महाशिविर में मरीजों ने लिया लाभ

**नवभारत,जबलपुर।** विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा जनस्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा के उद्देश्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तचाप परीक्षण महाशिविर का आयोजन चिकित्सा प्रकोष्ठ संभागीय कार्यालय त्रिवेदी डेंटल क्लिनिक, राइट टाउन, जबलपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विशाल बघेल के निर्देशन, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्विनी कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन एवं जिला संयोजक डॉ विवेक जैन के सहयोग से किया गया।




शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ हर्ष रेड्डी द्वारा 154 से अधिक मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। शिविर में एचबीए 1 सी, लिपिड प्रोफाइल, यूरिक एसिड, ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड प्रेशर जैसी महत्वपूर्ण जांचों के साथ उचित सलाह एवं दवाईया भी प्रदान कीं गईं, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हुए। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों को उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूक करते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार, व्यायाम एवं तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

### एक नजर में



### श्रीहरि के नाम स्मरण मात्र से सकारात्मक ऊर्जा का संचार : श्रीनरसिंह देवाचार्य महाराज

**नवभारत,जबलपुर।** कलियुग में नाम जप का महत्व है। हर युग में भक्तों के द्वारा भगवन नाम स्मरण से प्रसन्न होकर श्रीहरि ने अवतार लिया और आसुरी शक्तियों का नाश कर असुरों को सीधे मोक्ष प्रदान किया है। पुरूषोत्तम मास भगवान श्री हरि विष्णु का पूर्ण स्वरुप है, इस मास में भक्ति और नाम स्मरण करते हुए तीन वर्षों के लिए ऊर्जा संग्रह करना चाहिए। भगवान के उत्सवों में उत्साह और उमंग से उल्लासित होकर पुण्यार्जन करने मात्र से अपने आसपास की नकारात्मक ऊर्जा का नाश हो जाता है और सकारात्मक परिवर्तन होता है। उक्त उद्गार श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने श्री आदर्श केशरवानी वैश्य समाज संगठन व्दारा 14 मई से 21 तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीहरि नारायण के श्रीराम, कृष्ण और नरसिंह सहित अवतारों की कथा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में दुर्गा मंदिर कैलाशपुरी हाथीताल जबलपुर में कहे। श्रीमदभागवत महापुराण, व्यास पीठ का पूजन अर्चन, आरती यजमान कर्पूरचंद्र केशरवानी सहित हरिवंश निर्मला गुप्ता प्रशांत गुललन दुबे,पार्षद निशा राठौर, नारायण , शान्ती गुप्ता श्रीहरी शंकर, कान्ती देवी गुप्ता,कुंजबिहारी गुप्ता , सुभद्रा सेन ने की।



### समय से पहले लक्ष्य हासिल करने वाले चार्ज अधिकारी हुए सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में चल रहे मकानों की गणना और मकान सूचीकरण प्रथम चरण के कार्य में निगमायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में बड़ी सफलता देखने को मिली है। कुल 16 चार्ज क्षेत्रों में चल रहे इस अभियान के दौरान कई अधिकारियों ने समय सीमा से पहले ही अपना 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर एक बेहतरीन मिसाल पेश की है।रविवार को नगर निगम में आयोजित एक विशेष समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा शानदार प्रदर्शन करने वाले चार्ज अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिसमें सुरेन्द्र मिश्रा चार्ज क्र. 07 अधारताल, पंकज अवस्थी चार्ज क्र. 03 रामपुर, अनुपम शुक्ला चार्ज क्र. 05 बल्देवबाग, जागेन्द्र सिंह चार्ज क्र. 09 लालमाटी के नाम शामिल थे।

**शेष अधिकारियों को 18 मई तक का दिया समय**-इस सकारात्मक प्रगति को देखते हुए अन्य बचे हुए चार्ज अधिकारियों को भी प्रेरित किया गया है और उन्हें दिनांक 18 मई 2026 तक अपना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रथम चरण का यह महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह से और समय पर संपन्न हो सके। कार्य की प्रगति की समीक्षा करने और अधिकारियों का हौसला बढ़ाने के लिए बैठक में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ जनगणना निदेशालय भोपाल से मनोज नाथानी, अशोक चौबे एवं मास्टर ट्रेनर डॉ चंद्रशेखर राजहंस मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही, जनगणना सेल नगर निगम जबलपुर से हरनारायण पटेल, राजेश बमनेल, राजेश पासी एवं विकास खरे सहित सभी चार्ज अधिकारी और लिपिक भी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति तक सरकारी कर्मचारी ही रहेंगे आयुध कर्मी : एसएन पाठक

**एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया मद्रास कोर्ट का हवाला**




**नवभारत,जबलपुर।** एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर कहा है कि मद्रास हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सरकार ने एफिडेविट देकर स्पष्ट किया है कि आयुध कर्मी सेवानिवृत्ति तक सरकारी कर्मचारी ही बने रहेंगे। उन्हें आयुध निर्माणियों के निजीकरण से कोई डरने की जरूरत नहीं है। इस दौरान उन्होंने ये भी बताया कि अनुकंपा नियुक्ति और भर्ती प्रक्रिया बहाल कराने के लिए एआईडीईएफ ने लगातार आंदोलन किए, जिसके बाद सरकार ने रोक हटाई है।

श्री पाठक ने कहा कि एआईडीईएफ कर्मचारियों के अधिकारों के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है। बरगी हादसे में पीड़ित परिवारों की सहायता इसका उदाहरण है। उन्होंने बताया कि एमसीएम से चार्जमैन प्रमोशन मामले में सर्वोच्च न्यायालय का आदेश आने के बावजूद डीओपीटी द्वारा विलंब किया जा रहा है, जिसके विरोध में 28 मई से राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम, नियमित भर्ती एवं 8वें वेतनमान में मूल वेतन 69 हजार करने की मांग भी उठाई।

### उत्तम विश्वास बने प्रदेश के मीडिया प्रमुख



पत्रकारवार्ता के दौरान एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ने घोषणा करते हुए बताया कि उत्तम विश्वास मध्य प्रदेश के एआईडीईएफ के मीडिया प्रमुख के रूप में नियुक्त किए गए हैं। इस मौके पर संगठन मंत्री अर्नब दास गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य अमरीश सिंह, रोहित यादव, पुष्पेंद्र सिंह, विनय गुप्ता, राजा पांडे, राकेश दुबे, सिमेंद्र रजक, विकास यादव, मोहन लाल, जितेंद्र यादव, पीके तिवारी, वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे।



## स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर पत्रकार थे कुंजबिहारी पाठक

**नवभारत,जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. कुंजबिहारी पाठक ने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वरन उर्दू एवं हिंदी के विद्वान और प्रखर पत्रकार होने के नाते उन्होंने आम आदमी के हृदय में भी देश भक्ति की भावना भरकर उन्हें स्वतंत्रता आन्दोलन से जोड़ा । उपरोक्त आशय के विचार गोलबाजार स्थित अमर शहीद स्मृति मेला के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित पं. कुंजबिहारी पाठक स्मृति समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त किए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कौशल्या गौंटिया थीं। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अंशुमन शुक्ला ने की।विशिष्ठ वक्ता जादूगर एस. के. निगम ने पाठक से जुड़े संस्मरण व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारिता के धर्म का पालन किया। लायन नरेंद्र जैन ने उनके साहित्यिक अवदान एवं कलम की प्रखरता पर चर्चा की। वहीं विक्रम परवार सहित कमलेश यादव,सुधा जायसवाल, संध्या जायसवाल, विमला श्रीवास्तव ने पाठक जी के चित्र के साथ अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विचार व्यक्त किये। अतिथियों का स्वागत ओ.पी.तिवारी, सुधीर पाठक,मधु पाठक, राजीव गुप्ता, रीता पाठक,प्रदीप जैन, भीम सिंह दीवान, अंजन कुमार आदि ने मोतियों की माला से किया। संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण ने, आभार विजय जायसवाल एवं इंदिरा पाठक तिवारी ने व्यक्त किया।समारोह में गूँजनकला सदन, पाथेय संस्था की सहभागिता रही।



### ग्वारीघाट और जिलहरीघाट में शुरू की जाए नाव

**नवभारत,जबलपुर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर ग्वारीघाट व जिलहरी घाट में नाव तुरंत चालू करने करने की माँग की है। इस मौके पर विवेक अवस्थी ने कहा कि बरगी की घटना शासन की गलती की सजा मजदूर नाविक को क्यों दी जा रही है। जबकि नाविकों नर्मदा नदियों में सैंकड़ों लोगों को डूबने से बचाते हैं। इस अवसर पर सरमन रजक, सुधीर शर्मा ,मुकेश सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

## जीसीएफ राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का गठन

**नवभारत,जबलपुर।** सीनियर क्लब जीसीएफ जबलपुर में एनडीजीबीजीओए के तत्वावधान में आयोजित राजपत्रित अधिकारियों के वार्षिक अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। अधिवेशन में महाप्रबंधक राहुल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने जीआर बी कैडर की महत्वता एवं तकनीक दक्षता से सबको अवगत कराया साथ ही साथ एकजुट होकर निर्माणी हित




में कार्य करने हेतु सभी कर्मचारियो से अपील की । इस मौके पर उन्होंने आश्वासन भी दिया कि जेडब्ल्यूएम कैडर की समस्याओं को निर्माणी स्तर पर यथासंभव निवारण का प्रयास किया जाएगा । नवीन कार्यकारिणी में आगामी सत्र के लिए गौरव सिंह को अध्यक्ष ,श्रीदपक कुमार गुप्ता को सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनय उरमलिया( उपाध्यक्ष), अशोक मिश्रा (उपाध्यक्ष), मयंक त्रिपाठी (खजांची), आशीष कुमार वर्मा(ऑडिटर), प्रकाश दिनकर(सह सचिव), रितेश दीवान(संयुक्त सचिव), संगीत तिवारी(संयुक्त सचिव)एवं श्री राकेश यादव ( कार्यालय सचिव) को मनोनीत किया गया।अन्य कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में धीरज कुमार, राजीव विश्वकर्मा, गगन वर्मा, राकेश रजक, एलिक डिसूज़ा, वीणा कुमारी, प्रदीप सिंह, रीना ठप्परवार, दिनेश गुप्ता और धीरज खरे चयनित हुए।

सम्मेलन | साहू समाज का ऐतिहासिक समागम, युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# संस्कारों के साथ रिश्तों की नई शुरुआत

**नवभारत,जबलपुर।** जिला साहू समाज, जबलपुर, श्री साहू वैश्य नगर सभा एवं 'प्रयास' पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मानस भवन, राइट टाउन में भव्य साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं वैवाहिक पत्रिका 'प्रयास' का लोकार्पण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर सहित ग्रामीण अंचलों से समाजबंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

आयोजन के संयोजक पूर्व महापौर प्रभात साहू रहे। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे उपस्थित रहे। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में भरतलाल साहू, राधेश्याम साहू, उदयभान साहू, भारत साहू, डॉ. निशा साहू, पूर्व पार्षद सुबोध साहू, डॉ. दीपक




साहू,इज.प्रदीप साहू राजकुमार साहू 'रज्जू भैया', रजनी कैलाश साहू, अरुणा संजय साहू, राहुल साहू पार्षद, रजनी सुरेंद्र साहू पार्षद एवं नीतू आशीष साहू उपस्थित रहे।

सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच से आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय प्रस्तुत किया और पारिवारिक एवं सामाजिक जानकारी साझा की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा वैवाहिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन किया गया, जिसे समाज में वैवाहिक संबंधों को सुदृढ़ करने की सार्थक पहल बताया गया। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि एक ही मंच पर सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं परिवारों को जोड़ना समाजहित में प्रेरणादायी पहल है। विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि ऐसे परिचय सम्मेलन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ समय एवं अनावश्यक व्यय की बचत भी करते हैं।

### ग्रामीण इलाकों से भी आए लोग

कार्यक्रम में पनागर, सिहोरा, मझौली, कटंगी, पाटन, शाहपुरा, बरगी, मेढ़ाघाट, बेलखाडू, महाराजपुर एवं टिमरी सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आयोजन में जिला साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष इंजी. डी.के. साहू, 'प्रयास' पत्रिका के संपादक रमेश साहू,सचिव उमेश साहू 'ओज', डॉ. पुरुषोत्तम साहू, राज साहू सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन उमेश साहू 'ओज', अर्जुन साहू एडवोकेट,पप्पी सहयोगी एवं प्रीति राज साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. पुरुषोत्तम साहू द्वारा व्यक्त किया गया।



## स्वास्थ बीमा, पदोन्नति, आऊट सोर्स कर्मी की समस्याओं का हो निराकरण

**सांसद से चर्चा कर की गई मांग**

**नवभारत,जबलपुर।** स्वास्थ बीमा, पदोन्नति, कार्यभारित स्थापना , आऊट सोर्स कर्मी की समस्याओं के निराकरण की मांग मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संरक्षक योगेन्द्र दुबे के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सांसद आशीष दुबे से मुलाकात की गई और उनसे चर्चा करते हुए मांग की गई कि कर्मचारियों की संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठकें कलेक्टर कार्यालय में आयोजित नहीं हो रही है जिसे आयोजित करवाया जाए, मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना के आदेश जारी करवाने प्रदेश शासन को पत्र लिखा जाए , विभागीय स्तर पर समस्त विभागों में पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं शासकीय कर्मचारियों के शासकीय आवासो का नवीनीकरण किया जाए। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों से सांसद ने कहा कि उनका मांग पत्र वे मुख्यमंत्री को भेंजेगे। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संरक्षक योगेन्द्र दुबे , जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी,आलोक अग्निहोत्री, अर्जुन सोमवंशी ,सुशील गुप्ता, राजाराम डेहरिया, एस पी बाथरे, बीरेंद्र चंदेल ने से सांसद आशीष दुबे से कर्मचारियों की मांगों के निराकरण करवाने की मांग की है।